Need to provide stoppage of trains at various railway stations in Salempur Parliamentary Constituency ? laid

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): रेलवे भारतीय यात्रा की जीवन रेखा है, जिससे करोड़ों लोग प्रतिदिन यात्रा करते हैं । जब से केन्द्र में विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से रेलवे ने अभूतपूर्व विकास किया है । आज लोगों को विश्वस्तरीय रेल सुविधा मिल रही है, जिसके लिए मैं नाननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय रेल मंत्री जी का आभार व धन्यवाद व्यक्त करता हूं । मैं माननीय रेल मंत्री जी को अवगत कराना चाहता हूँ कि कोरोना काल के दौरान लगभग सभी ट्रेनों का संचालन निरस्त कर दिया गया था, बाद में ट्रेनों का संचालन दोबारा शुरू हो गया, परन्तु मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर कुछ ट्रेनों का ठहराव निरस्त कर दिया गया, जहां पूर्व समय से ठहराव चलता आ रहा है । मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र की कुछ और महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव यात्री सुविधा हेतु जनहित में अतिआवश्यक है । भाटपार रानी रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या- 15203/15204, लखनऊ, बरौनी, गाड़ी संख्या-11123/11124 ग्वालियर, बरौनी, गाड़ी संख्या-15910/15909, डाउन अवध आसाम एक्सप्रेस, बनकटा रेलवे स्टेशन पर - गाड़ी संख्या-15027/15028 मौर्य एम्स्प्रेस, गाड़ी संख्या-11123/11124 अप ग्वालियर बरौनी, सलेमपुर रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या-11055/11056 गोदान एक्स्प्रेस, गाड़ी संख्या-180201/180202 दुर्ग एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या-15050/49 पूर्वांचल एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या-15021/15022 शालीमार एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या-11037/11038 पुणे एक्सप्रेस तथा गाड़ी संख्या-19490/19489 गोरखपुर अहमदाबाद एक्सप्रेस, इन सभी ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए । साथ ही रेवती स्टेशन जिसे पहले से स्टेशन का दर्जा प्राप्त था उसे पूर्व की भांति रेलवे स्टेशन का दर्जा बरकरार रखा जाए ।